भारत सम्बन्धी विशेष तथ्य

(प्रश्न और उत्तर)

प्रश्न 1– भारत मे स्थापित एवं सक्रिय परमाणु विद्युत गृहों के नाम लिखिए, साथ ही राज्यों के नाम भी, जहाँ वे स्थित हैं, दीजिए?

उत्तर– भारत मे स्थापित परमाणु गृह अग्रलिखित हैं–

(1) राणा प्रताप सागर एटॉमिक पॉवर प्लान्ट, रावत भाटा, कोटा, राजस्थान।

(2) तारापुर, महाराष्ट्र।

(3) कनपक्कम एटॉमिक प्लान्ट, कलपक्कम, तमिलनाडु।

(4) नरौरा एटॉमिक पॉवर स्टेशन, नरौरा, बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश।

(5) कैगा , कर्नाटक।

प्रश्न 2–(अ) सबसे अधिक द्वीपों वाला संघीय प्रदेश कौन सा है ?

उत्तर – अण्डमान एवं निकोबार।

प्रश्न 2 (ब) कौन – कौन से राज्यों मे हिन्दी राजभाषा है?

उत्तर – बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश।

प्रश्न 2 (स) निम्नलिखित राज्यों मे कौन सी भाषा बोली जाती है ?

1 कर्नाटक, 2 तमिलनाडु, 3 केरल

उत्तर – 1 कन्नड, 2 तमिल 3 मलयालम।

प्रश्न 3 – निम्नलिखित किस राज्य व स्थान पर स्थित है–

1 नेशनल डिफेंस एकेडमी।

2 हिमालय माउण्टेनियरिंग इस्टीट्यूट।

3 नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिटी डेवलपमेंट।

4 भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर।

उत्तर– 1 नेशनल डिफेंस एकेडमी – खड़गवासला (महाराष्ट्र)

2 हिमालय माउण्टेनियरिंग इस्टीट्यूट – दार्जिलिंग (पं0 बंगाल)

3 नेशनल इस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिटी डेवलपमेंट – हैदराबाद, आन्ध प्रदेश।

4 भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर – ट्राम्बे, महाराष्ट्र।

प्रश्न 4 – निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक– एक पंक्ति मे दीजिऐ।

1 गरबा नृत्य किस राज्य से सम्बन्धित है ?

2 गुवाहाटी किस नदी पर स्थित है ?

3 भारत से किन – किन देशों की सीमा लगती है ?

4 भारत मे सबसे बडा जल प्रपात कौन सा है ?

उत्तर–

1 गुजरात।

2 ब्रहमपुत्र।

3 पाकिस्तान , नेपाल ,चीन , बंग्लादेश, बर्मा (म्यांमार), भूटान।

4 गरसोपा प्रपात, कर्नाटक।

प्रश्न 5– निम्नलिखित दिवस भारत मे किन – किन तिथियों पर मनाये जाते है–

1– शहीद दिवस, 2 स्वतन्त्रता दिवस, 3 अध्यापक दिवस, 4 गणतन्त्र दिवस, 5 बाल दिवस।

उत्तर – 1. 30 जनवरी, 2. 15 अगस्त, 3. 5 सितम्बर, 4. 26 जनवरी, 5. 14 नवम्बर।